ख7. सभी सीमा शुल्क प्रवेशद्वार पत्तनों में डी.पी.डी./डी.पी.आई. को बढ़ावा देना।

डी.पी.डी. योजना के अंतर्गत, जिन कंटेनरों को जांच की आवश्यकता नहीं है, आयातक को उनकी पत्तन से सीधी सुपुर्दगी की जा सकती है। इस तरह के कंटेनरों को विमोचन के लिए कंटेनर माल ढुलाई स्टेशन (सी.एफ़.एस.) नहीं भेजा जाता है।

2. डी.पी.डी. यद्यपि जे.एन.पी.टी. में वर्ष 2017-18 में प्रस्तुत किया गया था, इसे परिपत्र 29/2019-सी.शु. के तहत अखिल भारतीय स्तर पर विस्तारित किया गया। डी.पी.डी. उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। विभिन्न पत्तनों पर सभी जगह डी.पी.डी. मानक सरलीकृत और मानकीकृत किए जा रहे हैं। इसे सभी आर.एम.एस. सुविधायुक्त कार्गो तक बढ़ा दिया गया है। प्रति वर्ष न्यूनतम 25 एफ़.सी.एस. वाले आयातको सहित प्राधिकृत आर्थिक संचालक (ए.ई.ओ.) (टियर-I/II/III) भी इस सुविधा का प्रयोग कर सकते हैं। जे.एन.सी.एच. में डी.पी.डी. ग्राहक 1586 (मार्च, 2018) से बढ़ कर दिनांक 13.07.2020 तक 4505 हो गए थे। (संदर्भ http:/www.jawaharcustoms.gov.in/information.aspx?PageID=33), जो की कुल आयातकों का लगभग 57% है।

3. निर्यात की ओर सीधे पत्तन प्रवेशों के संबंध में, सभी क्षेत्रीय कार्यालयों जैसे कि चेन्नई सीमा शुल्क ज़ोन, जे.एन.सी.एच., कोलकाता सीमा शुल्क आदि ने कंटेनर माल ढुलाई स्टेशनों (सी.एफ़.एस.) पर जाने की आवश्यकता के बिना, प्रत्यक्ष रूप से टर्मिनल के अंदर कंटेनरों को अनुमति देने के लिए प्रत्यक्ष पत्तन प्रविष्टि (डी.पी.ई.) की शुरुआत की है।

कार्य योजना

क डी.पी.डी. योजना को अपनाने के लिए व्यापार को प्रोत्साहित करना और मार्च 2021 तक सुविधायुक्त कार्गो के द्वारा इसके अंगीकरण को 70% तक बढ़ाने के लिए स्थानीय स्तर पर सभी आवश्यक कदम उठाना।

ख प्रत्यक्ष पत्तन प्रविष्टि (डी.पी.ई.) योजना को अपनाने के लिए व्यापार को प्रोत्साहित करना और मार्च 2021 तक फैक्टरी में भरे गए कार्गो द्वारा इसके अंगीकरण को 70% तक बढ़ाने के लिए स्थानीय स्तर पर सभी आवश्यक कदम उठाना।

कार्रवाईकर्ता : सीमा शुल्क ज़ोन के मुख्य आयुक्त

ख8. एस.वी.बी. जांच:

दिनांक 30.06.2020 तक मामलों की संख्या

एस.वी.बी.	**1 वर्ष तक**	**1 से 3 वर्ष तक**	**3 वर्ष से अधिक**	**कुल**
मुंबई	163	197	517	877
दिल्ली	93	33	2	128
चेन्नई	179	50	187	416
बेंगलुरु	84	78	117	279
कोलकाता	11	7	22	40
	530	**365**	**845**	**1,740**

कार्य योजना

क) सभी एस.वी.बी. केंद्रीय रजिस्ट्री डेटाबेस को नियमित रूप से अद्यतन करेंगे।

ख) संबंधित एस.वी.बी. के प्रभारी मुख्य आयुक्त लंबिता (पेंडेंसी) स्थिति की नियमित रूप से निगरानी करेंगे और यह भी सुनिश्चित करेंगे कि छानबीन को अंतिम रूप देने के लिए परिपत्र 05/2016-सी.शु. में निर्धारित समय सीमाओं का कड़ाई से पालन किया जा रहा है।

ग) संबंधित अधिकारी उक्त परिपत्र में वर्णित अनुदेशों का अनुसरण करें, जहाँ कहीं भी छानबीन को पूरा करने के लिए समय को बढ़ाने की आवश्यकता है। जैसा भी मामला हो, आयुक्त या मुख्य आयुक्त के उपयुक्त अनुमोदन के बिना छानबीन के किसी मामले में निर्धारित समय सीमा से अधिक समय की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। समय विस्तार की अनुमति देने वाले अधिकारी को उस पर यथोचित कर्मठता से विचार करना चाहिए।

घ) महानिदेशक (मूल्यांकन) मासिक आधार पर चयनात्मक रूप से प्रत्येक एस.वी.बी. की छानबीन रिपोर्ट की जाँच करेंगे और सुधार के लिए सुझावों के साथ-साथ छानबीन की गुणवत्ता पर प्रतिपुष्टि प्रदान करेंगे।

ङ) 1 वर्ष से अधिक लंबिता (पेंडेंसी) वाले मामलों को सभी 05 एस.वी.बी. दिनांक 31.12.2020 तक शून्य करेंगे।

कार्यवाईकर्ता: संबंधित मुख्य आयुक्त और महानिदेशक (मूल्यांकन)

ख9. अंतरराष्ट्रीय कूरियर टर्मिनलों (आई.सी.टी.) पर स्वचालित निकासी:

ई.सी.सी.एस. दिनांक 29.06.2020 को ई.आई.सी.आई. आंकड़ा केंद्र से स्थानांतरित होकर केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर सीमा शुल्क बोर्ड आंकड़ा केंद्र पर आ गया है। तथापि दिनांक 15.07.2020 तक ई.सी.सी.एस. मुंबई, दिल्ली एवं बेंगलुरु विमानपत्तनों को छोड़कर अन्य सभी अधिसूचित विमानपत्तनों पर (अधिसूचना संख्या 27/2018-सी.शु.(एन.टी.)) कार्य नहीं कर रहा है।

2. सभी अधिसूचित स्थानों पर कूरियर निकासी को स्वचालित करने के लिए, अन्य संबंधित कार्यालयों अर्थात चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, अहमदाबाद, जयपुर, त्रिवेंद्रम, कोचीन, कोयंबटूर, कालीकट और तिरुचिरापल्ली को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि उनके अभिरक्षक एम.पी.एल.एस. संपर्क, आई.टी. ढ़ांचे (केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के सहभागी संपर्क दस्तावेज़ के अनुसार), एल.ए.एन. संपर्क और ई.सी.सी.एस. अनुप्रयोग से जुड़ी ढ़ांचागत आवश्यकताओं (बार कोड स्कैनर, एक्स रे स्कैनर) के साथ तैयार हैं।

कार्य योजना

दिनांक 31 अगस्त, 2020 तक सभी अधिसूचित अंतरराष्ट्रीय कूरियर टर्मिनलों (आई.सी.टी.) पर स्वचालित निकासी के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना।

कार्रवाईकर्ता: संबंधित मुख्य आयुक्त और महानिदेशक (प्रणाली)

ख10. गोदाम बॉन्ड के इलेक्ट्रोनिक क्रेडिट/डेबिट के लिए बॉन्ड मॉडयूल का कार्यान्वयन:

सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 59 के अनुसार ऐसे किसी माल जिसके भांडागारण के लिए आयात-पत्र फाइल किया गया है, के आयातक को ऐसे माल पर निर्धारित किए गए शुल्क की राशि के तिगुने राशि के बराबर बॉण्ड को निष्पादित करने की आवश्यकता है (इसके आगे इसका गोदाम बॉन्ड (वेयर हाऊस बॉन्ड) के रूप में उल्लेख किय जाएगा)। इस तरह के गोदाम बॉन्ड तब तक मान्य रहते हैं जब तक कि गोदाम में रखे गए माल को घरेलू खपत के लिए या गोदाम से निर्यात के लिए स्वीकृति नहीं मिल जाती और इसके अंतर्गत आयात के सीमा शुल्क स्टेशन से गोदाम तक या एक गोदाम से दूसरे गोदाम तक माल की आवाजाही भी आती है। जहाँ अन्य व्यक्ति को इस तरह का पूर्ण या उसका एक भाग स्थानांतरित किया गया है, वहां उक्त धारा के अनुसार, स्थानांतरिति को स्थानांतरित माल के लिए एक गोदाम बॉन्ड को कार्यान्वित करने की आवश्यकता होती है।

2. ऐसे गोदाम बॉन्ड किसी एक परेषण या बहुत से परषणों (सामान्य बॉन्ड) के लिए हो सकते हैं। गोदाम बॉन्ड का प्रारूप दिनांक 14.05.2016 के परिपत्र सं. 18/2016-सी.शु. के अंतर्गत निर्धारित किया गया है। वर्तमान में

गोदाम बॉन्ड आयात पत्तन पर हस्तकृत रूप (मैन्युअली) से कार्यान्वित एवं जमा किए जाते हैं। इसकी प्रक्रिया निम्नानुसार है:

(i) उस माल जिसके संबंध में भांडागार के लिए आयात-पत्र (बी.ई.) फ़ाइल किए गया है, का मालिक आयात पत्तन पर गोदाम बॉन्ड (सामान्यत: बहु आयात-सामान्य बॉन्ड) को निष्पादित करता है।

(ii) आयात पत्तन पर अधिकारी, अपेक्षित राशि के लिए बॉन्ड को डेबिट करता है और जब माल कि घरेलू खपत या निर्यात की स्वीकृति मिल जाती है, तो उसे क्रेडिट करता है।

(iii) किसी मामले में यदि ऐसे माल का पूर्ण या उसका कोई भाग किसी अन्य व्यक्ति को स्थानांतरित किया जाता है तो स्थानांतरित माल के लिए स्थानांतरिति एक गोदाम बॉन्ड निष्पादित करता है और स्थानांतरणकर्ता के गोदाम बॉन्ड में उस सीमा तक जमा हो जाते है।

3. हस्तकृत गोदाम बॉन्ड की वर्तमान प्रणाली के समक्ष आने वाली समस्याएं:

(i) प्रायः आयातक कई स्थानों से आयात करते हैं और चूंकि गोदाम बॉन्ड के इलेक्ट्रॉनिक डेबिट और क्रेडिट के लिए कोई मॉडयूल नहीं है, इसलिए आयातकों को कई सीमा शुल्क गृहो में बॉन्ड को बनाए रखना और उनका निष्पादन करना पड़ता है।

(ii) अक्सर आयात पत्तन गोदाम जहाँ माल जमा किया जाता है, उससे सुविधाजनक स्थान पर स्थित नहीं होते, जिससे अनुपूरक बॉन्ड के निष्पादन के साथ उनके डेबिट और क्रेडिट का प्रबंधन श्रमसाध्य हो जाता है।

(iii) गोदाम में विनिर्माण एवं अन्य संचालन (सं. 2) नियमावली, 2019 (इसके बाद एम.ओ.ओ.डबल्यू.आर., 2019 के रूप में संदर्भित) के नियम 4 के अनुसार आवेदक धारा 65 के अधीन यथाविनिर्दिष्ट प्रारूप में बॉन्ड को निष्पादित करने का वचन देगा। यह गोदाम में रखे माल के लिए धारा 59 के अंतर्गत गोदाम बॉन्ड को निष्पादित किए जाने के अतिरिक्त है। व्यापार की सुविधा के लिए बोर्ड ने अपने परिपत्र 34/2019-सी.शु. के माध्यम से एक बॉन्ड निर्धारित किया है जो सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 59 और एम.ओ.ओ.डबल्यू.आर., 2019 दोनों की अपेक्षाओं को पूरा करता है। तथापि चूंकि यहाँ इलेक्ट्रॉनिक डेबिट और क्रेडिट संभव नहीं है, तो धारा 65 के अंतर्गत कार्य कर रही इकाइयों को दो बॉन्ड निष्पादित करने की आवश्यकता है, एक आयात पत्तन पर और दूसरा क्षेत्राधिकारी आयुक्त के पास, जहाँ इकाई स्थित है। यदि इलेक्ट्रॉनिक डेबिट/क्रेडिट संभव है, तो परिपत्र 34/2019-सी.शु. के अंतर्गत समेकित बॉन्ड पर्याप्त होगा क्योंकि बॉन्ड की शब्दावली धारा 65 के साथ-साथ धारा 59 की अपेक्षाओं को भी पूरा करती है।

4. उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, यह महसूस किया गया कि यदि गोदाम बॉन्ड को अपनी इच्छा के स्थान पर निष्पादित करने की अनुमति के साथ किसी भी सीमा शुल्क स्थान पर आयात हेतु इलेक्ट्रोनिक डेबिटिंग/क्रेडिटिंग कि सुविधा मिल, तो इससे व्यापार को बहुत मदद मिलेगी। यह सीमा शुल्क द्वारा कई स्थानों पर काम के दोहराव को कम करेगा और विभाग की निगरानी क्षमता में काफी सुधार करेगा। इसके अलावा, चूंकि सीमा शुल्क बॉन्ड को भारत के राष्ट्रपति के नाम से निष्पादित किया जाता है, तो ऐसे बॉन्ड के पैन इंडिया कार्यान्वयन में कोई विधिक कमी नहीं है।

कार्य योजना

गोदाम बॉन्ड के इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट/डेबिट को सक्षम बनाने के लिए एक गोदाम बॉन्ड मॉडयूल को विकसित एवं कार्यान्वित करना।

कार्रवाईकर्ता: महानिदेशक (प्रणाली) और आयुक्त (सीमा शुल्क और निर्यात संवर्धन)

ख.11 अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क निदेशालय

अंतरराष्ट्रीय सीमा शुल्क निदेशालय भारतीय प्राधिकृत आर्थिक संचालक (ए.ई.ओ.) कार्यक्रम और ए.ई.ओ. आपसी मान्यता करार (ए.आर.ए.) के कार्यान्वयन के लिए नोडल एजेंसी है। सुविधा के बढ़ते स्तरों में यहां चार स्तर है अर्थात आयातकों/निर्यातकों के लिए टी-1, टी-2, टी-3 और रसद संचालक (एल.ओ.) के लिए अलग श्रेणी हैं। विगत तीन वर्षों में प्रमाणित संस्थाओं की संख्या निम्नानुसार है:

वित्तीय वर्ष	प्राधिकृत आर्थिक संचालक (ए.ई.ओ.) के अधीन प्रमाणित संस्थाओं की सं.				
	टी-1	टी-2	टी-3	रसद संचालक (एल.ओ.)	कुल
2017-18	409	145	1	201	756
2018-19	2295	358	2	573	3228
2019-20	2948	517	11	766	4242

कार्य योजना:

1. दिनांक 10.07.2020 तक कुल 4320 अधिकृत आर्थिक संचालक (ए.ई.ओ.) हैं। ए.ई.ओ. की संख्या बढ़ाकर 4750 करने का प्रयास रहेगा।

2(i) संयुक्त राज्य अमेरिका (यू.एस.ए.) के संयुक्त कार्य योजना (जे.डबल्यू.पी.) और युगांडा और यू.ए.ई के साथ संयुक्त कार्रवाई योजना (जे.ए.पी.) पहले ही हस्ताक्षरित हैं; आपसी मान्यता करार (एम.आर.ए.) को अंतिम रूप देने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

2(ii) इसी प्रकार, मेक्सिको, ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, पूर्वी अफ्रीकी समुदाय, जापान, फिलीपींस, दक्षिण अफ्रीका, सिंगापुर और तुर्की के साथ विचाराधीन जे.ए.पी. को अंतिम रूप दिया जाएगा।

भाग–ग

माल और सेवा कर (जी.एस.टी.)

कार्य योजना 2020-21

केंद्रीय कर अधिकारियों की प्राथमिक भूमिका माल और सेवा कर (जी.एस.टी.) कर नियमों के अनुपालन और करदाताओं की सुविधा के साथ अधिकतम कर संग्रह को सुनिश्चित करना है। माल और सेवा कर (जी.एस.टी.) एक नई व्यवस्था है जहां प्रशासनिक उद्देश्य से संपूर्ण कराधार को राज्य कर अधिकारियों और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सी.बी.आई.सी.) के बीच बांटा गया है। परिणामस्वरूप विभिन्न मापदंडों पर राज्य और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सी.बी.आई.सी.) के निष्पादन की तुलना अवश्यंभावी है। तदनुसार, हमारे अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे अपने पास उपलब्ध अल्प संसाधनों का सबसे प्रभावी और कुशल प्रयोग कर रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सी.बी.आई.सी.) की वार्षिक कार्य योजना में न केवल उनके समक्ष आने वाली आवश्यक अल्पकालिक समस्याओं को दूर करने के उपाय होने चाहिए बल्कि एक कुशल अप्रत्यक्ष कर प्रशासन के लिए इसके कार्यात्मक ढ़ांचे को मजबूत करने वाले उपायों भी सुझाने चाहिए। तदनुसार, कार्य योजना (ए.पी.) 2020-21 निम्नलिखित महत्वपूर्ण क्षेत्रों और रणनीतियों पर केंद्रित हैं:

- क राजस्व संग्रहण के उपाय
- ख अनुपालन सत्यापन
- ग व्यापार करने की सुगमता (ई.ओ.डी.बी.) को बढ़ावा देने के लिए की जाने वाली कार्रवाई

क राजस्व संग्रहण के उपाय

क.1 **समय से जीएसटीआर-3बी रिटर्न फ़ाइल करना**

करदाताओं द्वारा समय पर रिटर्न फ़ाइल करना सरकार के लिए राजस्व की कुंजी है। वर्ष 2019-20 के लिए, जीएसटीआर-3बी रिटर्न का औसत % अखिल भारतीय आधार पर 76.62% है। उसकी तुलना में, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सी.बी.आई.सी.) द्वारा प्रशासित करदाताओं द्वारा फ़ाइल किया जीएसटीआर-3बी रिटर्न का प्रतिशत 73.57% है।

तदनुसार, इस प्रमुख क्षेत्र के लिए, वित्तीय वर्ष 2020-21 की कार्य योजना इस प्रकार होगी:

(i) केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सी.बी.आई.सी.) द्वारा प्रशासित करदाताओं द्वारा देय महीने के अंत तक जीएसटीआर-3बी फ़ाइल करने का प्रतिशत सितंबर, 2020 तक 85% और नवंबर, 2020 तक 90% होना चाहिए।

(ii) केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सी.बी.आई.सी.) द्वारा राजस्व में 80% योगदान देने वाले उन करदाताओं द्वारा फ़ाइल किए गए जीएसटीआर-3B का प्रतिशत सितंबर, 2020 तक 95% और नवंबर, 2020 तक 100% होना चाहिए। करदाताओं को फाइलिंग चक्र से कुछ दिन पहले ही उनका रिटर्न फ़ाइल करने के लिए सचेत और प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

क.2 **समय से जीएसटीआर-1 का विवरण (स्टेटमेंट) फ़ाइल करना**

जावक आपूर्तियों का विवरण फॉर्म जीएसटीआर-1 अर्थात देयताओं की घोषणा, में ससमय देना जीएसटीआर-3बी के माध्यम से कर देयताओं के सही व ससमय निर्वहन की ओर उठाया गय पहला कदम है। जीएसटीआर-1 को सही और समय पर फ़ाइल करने का जीएसटीआर-3B के अनुपालन के साथ घनिष्ठ संबंध है। यह देखा गया है कि जिन ज़ोनों में जीएसटीआर-1 की फाइलिंग कम है, वहाँ जीएसटीआर-3B की फाइलिंग भी कम है। वर्ष 2019-20 के लिए जीएसटीआर-1 के विवरण का अखिल भारतीय औसत 64.94% है। उसकी तुलना में, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सी.बी.आई.सी.) द्वारा प्रशासित करदाताओं के लिए फ़ाइल किया गया जीएसटीआर-1 62.22% है।

तदनुसार, इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के लिए, वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए कार्य योजना इस प्रकार होगी:

(i) केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सी.बी.आई.सी.) द्वारा प्रशासित करदाताओं द्वारा नियत महीने के अंत तक जीएसटीआर-1 फ़ाइल करने का प्रतिशत सितंबर, 2020 तक 85% और नवंबर, 2020 तक 90% होना चाहिए

(ii) केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सी.बी.आई.सी.) द्वारा प्रशासित राजस्व में 80% योगदान देने वाले उन करदाताओं द्वारा फ़ाइल किए गए जीएसटीआर-3B का प्रतिशत सितंबर, 2020 तक 95% और नवंबर, 2020 तक 100% होना चाहिए। करदाताओं को फाइलिंग चक्र से कुछ दिन पहले ही उनका रिटर्न फ़ाइल करने के लिए सचेत और प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

क.3 **समय से छानबीन को पूरा करना**

चूंकि छानबीन किए जा रहे मामलों में राजस्व की एक बड़ी राशि अटकी हुई है, इसलिए समयबद्ध तरीके से छानबीन को पूरा करना आवश्यक है ताकि शुल्क/कर (या तो नहीं चुकाए गए या कम चुकाए गए) की उगाही और जुर्माना लगाने के लिए उचित उपायों को शुरू किया जा सके। यह कर-वंचकों के लिए एक निवारक के रूप में कार्य करेगा।

तदनुसार, इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के लिए, वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए कार्य योजना इस प्रकार होगी:

(i) दिनांक 31.03.2020 तक सभी मामलों की छानबीन को अंतिम रूप देना, ताकि दिनांक 01.04.20201 तक, एक वर्ष से अधिक की श्रेणी में कोई मामला नहीं हो।

(ii) ऐसे मामले जहां केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 83 के अंतर्गत संपत्ति, बैंक खातों सहित कुर्क की गई है, दिनांक 31.03.2021 तक कुर्की के ऐसे मामलों के 6 महीने से अधिक समय तक छानबीन लंबित नहीं रहेगा।

क.4 <u>न्यायनिर्णयन</u>

न्यायनिर्णयन, प्रवर्तन या लेखा परीक्षा कार्रवाई के परिणाम स्वरूप जारी किए गए कारण बताओ नोटिस की कानूनी वैधता की पहली परीक्षा है। आदर्शत:, आदेशों की संख्या नहीं बल्कि गुणवत्ता मायने रखती है। तथापि, यह भी सत्य है कि विवाद समाधान का पहला चरण होने के नाते, आमतौर पर कर-निर्धारिती (नोटिस प्राप्तकर्ता) अपेक्षा करते हैं कि न्यायनिर्णयन प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी हो जाए। इसके विपरीत, कुछ कर-निर्धारिती अपने निहित स्वार्थ के कारण न्यायनिर्णयन कार्यवाही में विलंब चाहते हैं ताकि वे उस अपवंचित राशि को अपने व्यापारिक हितों में वृद्धि के लिए तब तक उपयोग कर सके, जब तक वे सके। इसलिए, जबकि योग्यता को नजरंदाज नहीं किया जा सकता है, तथापि लंबित मामलों को प्राथमिकता देने और निपटाने की आवश्यकता है। दिनांक 15.06.2020 तक न्यायनिर्णयन के लिए माल और सेवा कर मामलों की लंबिता निम्नानुसार है:

क्र.सं.	न्यायनिर्णयन प्राधिकारी	अंतिम शेष		लंबिता का अवधिवार ब्यौरा (सं.)			
		सं.	राशि	< 3 महीने	3-6 महीने	6-12 महीने	1 वर्ष से अधिक
1	अपर/संयुक्त आयुक्त	562	2809.78	121	114	279	48
2	उप/सहायक आयुक्त	4503	1246.35	736	2393	1246	145
3	अधीक्षक	780	27.84	239	287	90	163
	कुल	5845	4083.9723	1096	2794	1615	356

तदनुसार, इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के लिए, वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए कार्य योजना इस प्रकार होगी:

(i) वे सभी मामले जिनमें 1 करोड़ से अधिक की कर राशि अंतर्ग्रस्त है या जिन मामलों में डी.जी.जी.आई. द्वारा नोटिस जारी किया गया है, वे सभी मामले कारण बताओ नोटिस (एस.सी.एन.) जारी किए जाने के 6 महीने के भीतर निपटा दिए जाने चाहिएं और दिनांक 31.03.2021 तक इस श्रेणी में कोई भी मामला 6 महीने से अधिक लंबित नहीं रहना चाहिए।

(ii) नोटिस के 3 महीने के अंदर अन्य सभी मामले निपटा दिए जाने चाहिएं और दिनांक 31.03.2021 तक इस श्रेणी में कोई भी मामला 3 महीने से अधिक लंबित नहीं रहना चाहिए।

(iii) ऐसे मामले जहां केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 83 के अंतर्गत संपत्ति, बैंक खातों सहित कुर्क की गई है, उनमें दिनांक 31.03.2021 तक कारण बताओ नोटिस जारी होने के 3 महीने से अधिक समय तक न्यायनिर्णयन लंबित नहीं होना चाहिए।

क.5 आयुक्त (अपील) और अपर आयुक्त/संयुक्त आयुक्त (अपील) के पास लंबित अपीलें:

आयुक्त (अपील) और अपर आयुक्त/संयुक्त आयुक्त (अपील) के समक्ष अपील, समुचित अधिकारी के द्वारा पारित मूल आदेश से व्यथित व्यक्ति के लिए उपचार का पहला स्तर है। दिनांक 18.03.2020 के परिपत्र सं.132/02/2020-जीएसटी के द्वारा बोर्ड ने सभी अपीलीय प्राधिकारियों को अपीलीय अधिकरण के गठन की प्रतीक्षा किए बिना सभी लंबित अपीलों को शीघता से निपटाने की सलाह दी है। दिनांक 15.06.2020 तक अपील के पहले स्तर के समक्ष माल और सेवा कर अपीलों की लंबिता निम्नानुसार है:

<u>दिनांक 15.06.2020 तक माल और सेवा कर अपील की लंबिता</u>

	विभागीय अपील	पार्टी की अपील	कुल (विभागीय+पार्टी की)

					अपील	
	अपीलों की सं.	अंतर्ग्रस्त राशि (करोड़ में)	अपीलों की सं.	अंतर्ग्रस्त राशि (करोड़ में)	अपीलों की सं.	अंतर्ग्रस्त राशि (करोड़ में)
आयुक्त (अ.)	214	572.13	1791	4864.97	2005	5437.10
अपर/संयुक्त आयुक्त (अ.)	364	379.36	1922	5938.19	2286	6292.87
कुल	578	951.49	3713	10803.16	4291	11729.97

तदनुसार, इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के लिए, वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए कार्य योजना इस प्रकार होगी:

(i) दिनांक 15.06.2020 तक 6 महीने से अधिक के लंबित अपील के सभी मामले दिनांक 31.12.2020 तक निपटा दिए जाने चाहिएं।

(ii) दिनांक 15.06.2020 तक 6 महीने के भीतर सभी अन्य लंबित मामले दिनांक 31.03.2020 तक निपटा दिए चाहिएं।

(iii) प्रयास किए जाने चाहिएं कि अपीलीय स्तर पर 6 महीने से अधिक अवधि तक कोई मामला लंबित न रहे।

ख. अनुपालन सत्यापन

ख.1 करदाताओं के बेमेल रिटर्न की विश्लेषण एवं जोखिम प्रबंधन महानिदेशालय की रिपोर्ट

महानिदेशक, विश्लेषण एवं जोखिम प्रबंधन ने क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा सत्यापन के लिए विभिन्न रिपोर्ट तैयार की हैं। ये रिपोर्ट वैधानिक रिटर्न की बेमेल रिपोर्ट के आधार पर बनाई गई हैं और राजस्व संवर्धन की क्षमता भी रखती है।

तदनुसार, इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के लिए, वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए कार्य योजना इस प्रकार होगी:

(i) 50 लाख रुपए से अधिक की बेमेल/विसंगति रिपोर्ट की गई राशि से जुड़े सभी मामलों को तीन महीने के भीतर निपटाया जाना चाहिए और दिनांक 31.12.2020 तक इस श्रेणी में 3 महीने से अधिक समय तक कोई सत्यापन लंबित नहीं होना चाहिए और उसके बाद उसी स्थिति को बनाए रखा जाए।

(ii) बेमेल/ रिपोर्ट किए गए विसंगति के अन्य सभी मामले 6 महीने के भीतर निपटाए जाने चाहिएं और दिनांक 31.03.2021 तक इस श्रेणी में 6 महीने से अधिक अवधि का कोई मामला लंबित नहीं रहाना चाहिए।

ख.2 रिटर्न फ़ाइल न करने वालों पर कार्रवाई

केंद्रीय माल और सेवा कर (सी.जी.एस.टी.) अधिनियम की धारा 46 के साथ पठित केंद्रीय माल और सेवा कर नियमावली के नियम 68 के अनुसार, एक पंजीकृत व्यक्ति जो धारा 39 या धारा 44 या धारा 45 के अंतर्गत रिटर्न प्रस्तुत करने में असफल रहा है (बाद में "चूककर्ता" के रूप में संदर्भित), को फॉर्म जीएसटीआर-3ए में नोटिस जारी करने की आवश्यकता होती है, जिसके अनुसार उसे 15 दिनों के भीतर यह रिटर्न प्रस्तुत करनी होती है। इसके अतिरिक्त, धारा 62 रिटर्न फ़ाइल न करने वाले पंजीकृत व्यक्तियों के निर्धारण के बारे में है, जो कि धारा 46 के अंतर्गत नोटिस देने के बावजूद भी धारा 39 और धारा 45 के अंतर्गत रिटर्न भरने में असफल रहते हैं। बोर्ड ने दिनांक 24.12.2019 के परिपत्र सं. 129/48/2019-जीएसटी के तहत एक विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया (एस.ओ.पी.) भी जारी की है। नोटिस जारी होने के 15 दिनों के बाद रिटर्न फ़ाइल न होने पर समुचित अधिकारी को कर निर्धारण शुरू करने की आवश्यकता होती है।

तदनुसार, इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के लिए, वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए कार्य योजना होगी:

(i) ऐसे सभी मामले जहाँ फॉर्म जीएसटीआर-3ए जारी किया गया है और पंजीकृत व्यक्ति के द्वारा रिटर्न फ़ाइल नहीं किया गया, तो 15 दिनों की अवधि समाप्त होने के बाद 3 महीने के भीतर निर्धारण प्रक्रिया पूर्ण हो जानी चाहिए।

ख.3 <u>पंजीकरण के स्वप्रेरित रद्दकरण की कार्रवाई</u>

सभी समुचित अधिकारियों को उन मामलों में पंजीकरण रद्द करने के लिए केंद्रीय माल और सेवा कर (सी.जी.एस.टी.) अधिनियम की धारा 29 की उप-धारा (2) के तहत कार्रवाई शुरू करने की आवश्यकता है, जिनमें धारा 29 में निर्दिष्ट अवधि के लिए रिटर्न प्रस्तुत नहीं किया गया है। दिनांक 01.05.2020 तक 1,76,851 माल और सेवा कर पहचान संख्या (जी.एस.टी.आई.एन.)) हैं जिन्होंने लगातार 6 या इससे अधिक कर अवधि के लिए रिटर्न प्रस्तुत नहीं किया है और उनके पंजीकरण अभी भी सक्रिय हैं, अर्थात वे न तो निलंबन के अधीन हैं और न ही रद्दकरण के।

तदनुसार, इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के लिए, वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए कार्य योजना इस प्रकार होगी:

(i) ऐसे सभी मामले जहाँ केंद्रीय माल और सेवा कर (सी.जी.एस.टी.) अधिनियम की धारा 29 में निर्दिष्ट अवधि के लिए रिटर्न प्रस्तुत नहीं किया गया है, उक्त प्रावधान में निर्दिष्ट अवधि के 15 दिनों के भीतर पंजीकरण रद्द करने की कार्रवाई शुरू कर दी जाए।

ख.4 <u>जोखिम वाले निर्यातकों का सत्यापन</u>

विभिन्न जोखिम मापदंडों के आधार पर डी.जी., ए.आर.एम. द्वारा पहचान किए गए जोखिम वाले निर्यातकों के सत्यापन के लिए बोर्ड ने समय-समय पर मानक संचालन प्रक्रिया (एस.ओ.पी.) जारी की है। क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा सत्यापन पूरा करने में देरी के परिणामस्वरूप मांग का नोटिस जारी करने या खरे निर्यातक के मामले में लंबित आई.जी.एस.टी. धनवापसी (रिफ़ंड) की मंजूरी के लिए आवश्यक कार्रवाई में विलंब होता है। दिनांक 01.05.2020 तक 60 से अधिक दिन वाले 5000 से अधिक सत्यापन लंबित हैं।

तदनुसार, इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के लिए, वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए कार्य योजना इस प्रकार होगी:

(i) दिनांक 01.05.2020 तक लंबित सभी सत्यापनों को दिनांक 30.09.2020 तक पूरा कर लिया जाएगा।

(ii) इसके बाद, जोखिम वाले निर्यातकों या उनके आपूर्तिकर्ताओं (एल1/एल2 स्तर) का कोई सत्यापन सूचना प्राप्त होने के 30 दिनों के बाद तक लंबित नहीं रखा जाएगा।

ख.5 <u>मानित पंजीकरणों और भौतिक सत्यापनों की संख्या</u>

बोर्ड ने इस तथ्य को गंभीरता से लिया है कि केंद्रीय क्षेत्राधिकार के मामलों में सभी ज़ोनों में मानित पंजीकरणों का प्रतिशत राज्य के क्षेत्राधिकार में मानित पंजीकरण के प्रतिशत की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक है। इसके अलावा, केंद्रीय प्राधिकारियों द्वारा किए गए भौतिक सत्यापनों भी कम है।

तदनुसार, इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के लिए, वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए कार्य योजना इस प्रकार होगी:

(i) यह सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई शुरू की जाएगी कि दिनांक 30.09.2020 तक 25% से अधिक आवेदन मानित अनुमोदन के लिए न जाएं।

(ii) इसके अलावा, यह सुनिश्चित करने के लिए भी कार्य योजना लागू की जानी चाहिए कि दिनांक 31.03.2021 तक 15% से अधिक आवेदन मानित अनुमोदन के लिए न जाएं।

(iii) प्रति माह नए अनुमोदन के कम से कम 10% में भौतिक सत्यापन किए जाने चाहिएं, जो मार्च 2021 तक बढ़ कर प्रति माह 25% सत्यापन तक हो जाएगा।

ग. व्यापार करने की सुगमता (ई.ओ.डी.बी.)

ग.1. धनवापसी (रिफ़ंड) की समय पर मंजूरी

धनवापसी (रिफ़ंड) का जल्दी से संवितरण, जहाँ कहीं भी देय हो, व्यापार और उद्योग की प्रमुख मांग है क्योंकि यह उनकी नकदी स्थिति को सुधारता है। दिनांक 01.05.2020 तक धनवापसी के 721 आवेदन 60 दिनों से अधिक समय से निपटान के लिए लंबित हैं। बोर्ड के दिनांक 18.11.2019 के परिपत्र सं. 125/44/2019-जीएसटी के तहत सभी कर प्राधिकारियों को सलाह दी गई है कि वे ए.आर.एन. जारी करने की तारीख के 45 दिनों के भीतर **फॉर्म जीएसटी आरएफ़डी-06** में अंतिम मंजूरी आदेश और **फॉर्म जीएसटी आरएफ़डी-05** में भुगतान आदेश जारी करें, ताकि संवितरण 60 दिनों के भीतर पूरा हो और केंद्रीय माल और सेवा कर (सी.जी.एस.टी.) अधिनियम की धारा 56 के अंतर्गत धनवापसी पर कोई ब्याज देय न हो सके।

तदनुसार, इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के लिए, वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए कार्य योजना इस प्रकार होगी:

(i) फॉर्म आरएफ़डी-01 में आवेदन फ़ाइल करने के 15 दिनों के भीतर सभी आवेदनों की पावती दी जाएगी या कमी ज्ञापन जारी किया जाएगा।
(ii) फॉर्म जीएसटी आरएफ़डी-06 में अंतिम मंजूरी आदेश और फॉर्म जीएसटी आरएफ़डी-05 में भुगतान आदेश 45 दिनों के भीतर जारी किया जाना चाएगा।
(iii) 60 दिनों से अधिक कोई भी धनवापसी (रिफ़ंड) आवेदन लंबित नहीं रखा जाएगा।

ग.2. सार्वजनिक पहुंच में रखे जाने वाले अद्यतित अधिनियम/नियम/अधिसूचनाएँ

परिषद की सिफ़ारिशों पर आधारित, केंद्रीय माल और सेवा कर (सी.जी.एस.टी.) अधिनियम और नियम आवधिक रूप से संशोधित होते रहते हैं। इसी तरह, समय-समय पर रिटर्न के देय तारीख को बढ़ाने, माल और सेवा कर की दर में परिवर्तन, विभिन्न छूटें आदि जारी करने संबंधी विभिन्न अधिसूचनाएँ और मामलों की विधिक स्थिति स्पष्ट करने के विभिन्न परिपत्र और अनुदेश भी जारी किए जाते हैं। तथापि, वर्तमान में परिपत्रों/अनुदेशों का कोई विषय-वार वर्गीकरण/ सूचीकरण मौजूद नहीं है जिसके कारण किसी विशेष मुद्दे पर वर्तमान अनुदेशों का जानना कठिन है। अद्यतित अधिनियम भी सार्वजनिक पहुँच में नहीं है। ऐसा सूचीकरण यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि विभागीय अधिकारियों सहित कर निर्धारितियों और अन्य हितधारकों को सही नीति की जानकारी हो सके। इसके अतिरिक्त, यह पाया गया है कि किसी विषय पर अनुदेश अक्सर बिखरे रहते हैं और किसी विशेष विषय के बारे में मौजूदा नीति और प्रक्रियाओं को जानना और समझना विभागीय अधिकारियों सहित हितधारकों के लिए कठिन हो जाता है। इस कठिनाई को दूर करने के लिए, विशिष्ट परिपत्रों को प्रतिस्थापित करते हुए और यदि उनमें विद्यमान कोई अंतर हों तो उन्हें दूर करते हुए, व्यापक मास्टर परिपत्रों को वर्ष के अंत में जारी करने की आवश्यकता है, जिसमें उस समय तक जारी किए गए सभी परिपत्रों को शामिल किया जाए। इसके लिए परिषद की सिफ़ारिश की आवश्यकता होती है। तदनुसार, ऐसे मुद्दों पर परिषद के समक्ष कार्यसूची नोट रखने का प्रयास होना चाहिए।

इसके अतिरिक्त, जबकि समय-समय पर जारी वैयक्तिक अधिसूचनाओं तक पहुँचना संभव है, तथापि केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सी.बी.आई.सी.) की वेबसाइट यथासंशोधित (अर्थात एक विशेष तारीख पर लागू होने वाले संशोधनों को शामिल करते हुए) किसी अधिसूचना तक पहुँच प्रदान नहीं करती है।

तदनुसार, इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के लिए, वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए कार्य योजना इस प्रकार होगी:

(i) दिनांक 31.12.2020 तक के सभी परिपत्रों/अनुदेशों का पुनर्विलोकन करना और जहाँ कहीं भी संभव हो वहाँ मुद्दे वार मास्टर परिपत्र जारी करना।
(ii) दिनांक 30.09.2020 तक केंद्रीय माल और सेवा कर (सी.जी.एस.टी.)/एकीकृत माल और सेवा कर (आई.जी.एस.टी.) अधिनियम, यथासंशोधित, को वेबसाइट पर रखा जाए।

(iii) अद्यतित केंद्रीय माल और सेवा कर (सी.जी.एस.टी.) नियम/एकीकृत माल और सेवा कर (आई.जी.एस.टी.) नियमों को प्रत्येक माह वेबसाइट पर रखा जाएगा।

(iv) दिनांक 31.12.2020 तक अद्यतित अधिसूचनाएँ, यथासंशोधित, को वेबसाइट पर रखा जाए।

कार्रवाईकर्ता: प्रधान आयुक्त (माल और सेवा कर, नीति स्कंध)/प्रधान महानिदेशक, प्रणाली

ग.3 रद्द करने का अनुरोध:

माल और सेवा कर व्यवस्था में पंजीकरण को रद्द करने के लिए करदाता और कर अधिकारी के द्वारा भी अनुरोध की पहल की जा सकती है। आमतौर पर यह देखा गया है कि करदाता के पंजीकरण को रद्द करने के लिए आवेदन के समय से, 30 दिनों की निर्धारित अवधि से अधिक विलंब से असंतोष उत्पन्न होता है। इसके अतिरिक्त, सिस्टम डिज़ाइन ऐसा है कि कर अधिकारी के पास 30 दिनों के बाद आवेदन स्वीकार करने या इसे लंबित रखने के सिवाय कोई विकल्प नहीं होता। सामान्य पोर्टल पर ऐसे आवेदन बड़ी संख्या में अभी तक लंबित हैं। तदनुसार, इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के लिए, वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए कार्य इस प्रकार योजना होगी:

(i) 31.12.2020 तक सभी लंबित आवेदनों का निपटान कर दिया जाएगा।

(ii) 31.03.2021 तक कोई आवेदन आवेदन 30 दोनों की समय-अवधि से अधिक समय तक लंबित नहीं रहेगा।

ग.4 माल और सेवा कर – आउटरीचटरीच कार्यक्रम

उद्योग और वाणिज्य, कर व्यवसायिओं सहित विभिन्न हितधारकों के मध्य माल और सेवा कर के विषय में जागरूकता फैलाने के लिए, प्रत्येक ज़ोन को क्षेत्राधिकार-वार वेबिनार अथवा विडियो क्रॉन्फ्रेंशिंग के द्वारा कम से कम दो आउटरीचटरीच कार्यक्रम आयोजित करने चाहिएं।

कार्रवाईकर्ता: महानिदेशक, राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नारकोटिक्स अकादमी, जीएसटी के सभी ज़ोनल मुख्य आयुक्त/प्रधान मुख्य आयुक्त.

ग.5 स्थानीय भाषा का प्रयोग

कर दाता/ जन सामान्य तक बेहतर रूप से पहुंचने के लिए सभी संदेश/अनुक्रियाएं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अंग्रेजी व हिंदी के अलावा स्थानीय भाषा में भी जारी किए जाने चाहिएं। एक सुविज्ञ करदाता के ज्यादा कर अनुपालक होने की संभावना अधिक होती है।

भागघ-

मानव संसाधन विकास एवं प्रशासन हेतु कार्य योजना

क.1 मॉड्यूल के प्रारंभ पर नोट-अर्धवार्षिक विवरणिका रिपोर्टों हेतु ई

वर्तमान में, नीति प्रकोष्ठ, मानव संसाधन प्रबंधन-II, मानव संसाधन विकास महानिदेशालय के द्वारा संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारियों और महानिदेशालयोंआदि से प्राप्त रिपोर्टों के अधार सीबीआईसी के अधीन निदेशालयों/ कार्यरत विभिन्न संवर्गों की स्वीकृत कार्मिक संख्या, कार्यरत कार्मिकों की संख्या एवं रिक्त पदों के बारे में एक अर्धवार्षिक विवरणिका संकलित की जाती है। यह समय लगने वाला, बोझिल व त्रुटि की संभावना वाली प्रक्रिया है क्यों कि डेटा को एकरूप करने के विभिन्न स्तरों पर उसकी प्रतिकृति बनानी पड़ती है और उसे हस्तकृत रूप से संकलित करना होता है।

अत संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारियों और महानिदेशालयों/निदेशालयों और उनके अधीन विभिन्न कार्यालयों द्वारा :एक निश्चित तारीख जैसे वर्ष की जनवरी को अथवा 1 जुलाई को विभिन्न संवर्गों की स्वीकृत कार्मिक संख्या 1, कार्यरत कार्मिकों की संख्या एवं रिक्त पदों को रिपोर्ट करने के लिए एक ऑनलाईन मॉड्यूल प्रस्तावित है। यह ऑनलाईन मॉड्यूल रिपोर्टों के पारंपरिक संकलन और उनके एकरूप करने की प्रक्रिया का स्थान लेगा और इससे लगने वाले समय और प्रयासों में कमी आएगी और संबद्ध डेटा के प्रोसेसिंग में और अधिक परिशुद्धता आएगी।

अर्धवार्षिक विवरणिका हेतु इस ईमॉड्यूल- का प्रचालन सितंबर, 2020 से हो सकता है।

कार्रवाईमहानिदेशक :, मानव संसाधन विकासज़ोनल मुख्य आयुक्त/

क.2 “ईएक सुदृढ -का विकास व उसको आरंभ करना ”प्रतिनियुक्ति-, व्यापक, शुरु से लेकर अंत तक एकल खिड़की, भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क) के समूह अधिकारियों हेतु ऑनलाइन ”क“ मॉड्यूल और प्रतिनियुक्ति हेतु संवर्ग अनापत्ति हेतु मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने के लिए समयावधि निर्धारित करना जिसका अनुवर्तन सभी हितधारकों द्वारा जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा –

औचित्य

प्रतिनियुक्ति भारत सरकार के साथ साथ राज्य सरकारों के अधीन विभिन्न पदों/पोजीशनों पर भर्ती का-एक तरीका है। प्रतिनियुक्ति की योजना अधिकारियों से कार्य के अन्य क्षेत्रों का परिचय कराता है और क्रॉसलर्निंग और ज्ञान के -हस्तांतरण को सुगम बनाता है। सीखने अथवा नया कौशल अर्जित करने के साथ, प्रतिनियुक्ति उन अवसरों को भी प्रदान करता है जहां अधिकारी के उप सचिवनिदेशक/संयुक्त सचिव आदि के रूप में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति आधार पर / काम किए होने की अपेक्षा होती है।

वर्तमान में, भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क) के समूह अधिकारी अपने आवेदन ”क“ हस्तकृत/हस्तकृत/हार्ड कॉपी तरीके उचित माध्यम से भेजते हैं। क्योंकि इस प्रक्रिया में मानव संसाधन विकास महानिदेशालय और एडी. V/सतर्कता महानिदेशालय से डेटा व सूचनाएं मांगा जाना भी शामिल होता है इसलिए यह प्रक्रिया न सिर्फ थका देने वाली व समय लेने वाली होती है बल्कि कुछ मामलों में कार्य का दोहराव भी होता है। इससे प्राय संवर्ग अनापत्ति की प्रोसेसिंग में विलंब होता है। :

उद्देश्य :

प्रतिनियुक्ति आवेदनों की पारदर्शी, यथासमय और निर्बाध प्रोसेसिंग।

यह ईप्रतिनियुक्ति का मॉड्यूल 31 अगस्त-, 2020 तक कार्य करना आरंभ कर सकता है।

प्रशासन

क3. अनुसचिवीय संवर्ग की दक्षता संवर्धन और क्षमता निर्माण

वर्तमान स्थिति

अनुसचिवीय संवर्ग जिसमें कर सहायक व कार्यकारी सहायक शामिल हैं, रिकॉड्र्सरजिस्टरों के समुचित रखरखाव/, उनके नियमित अद्यनीकरण, उनके भंडारण, उनकी वस्तुसूची सहित उनको पुनप्राप्त करने म :ेें के महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह संवर्ग व्यापार, अन्य फील्ड कार्यालयों, बोर्ड अथवा अन्य सरकारी विभागों से प्राप्त पत्राचार को रिकॉर्ड में दर्ज करने और उनको ससमय निपटान हेतु प्रस्तुत करने के लिए भी उत्तरदायी है। अन्य संवर्गों की तुलना में एक कार्यालय में लंबा कार्यकाल होने के कारण, यह संवर्ग महत्वपूर्ण संस्थागत स्मृति और निरंतरता प्रदान करता है। फील्ड कार्यालयों की दक्षता के साथ हितधारकों की नजरों में इसकी छवि सीधे तौर पर रिकॉड्र्स के रखरखाव की स्थिति पर निर्भर करती है चाहे वे बॉन्ड्स, बैंक गारंटियों, निर्धारण, धन वापसीवापसी, न्याय निर्णयन, अपीलों, विधि मामलों, बकायों, निपटान अथवा नेमी प्रकार की अनुमतियों और अनुमोदनों से

संबंधित हों। इससे वह तत्परता भी निर्धारित होती है जिसके साथ रिकॉड्र्स और पत्राचार की पुन: प्राप्ति हो सकती है और मामले अथवा शिकायतों के निपटान की गति अथवा समयोचितता प्रभावित होती है।

2020-योजना-की कार्य 21

(i) 30.09. तक अनुसचिवीय संवर्ग के कर्तव्य व जिम्मेदारी सुनिश्चित करना। 2020

(ii) 30.09. तक दो सप्ताह का एक अनिवार्य प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम बनाना जिसमें कार्यालय प्रक्रिया 2020 मैनुअल, वित्तीय नियम, सचिवीय काय, सीम शुल्ककीपिंग-जीएसटी के फील्ड कार्यालयों में अपेक्षित रिकॉर्ड/, कम्प्यूटर कौशल और सीमा शुल्क विधि और कार्यविधि की आधारभूत समझ शामिल होंगी।

(iii) वित्तीय वर्ष 2020- के अंत तक सभी सीमा शुल्क कार्यालयों में इन संवर्गों 21से संबंधित सभी अधिकारियों को चरणबद्ध रूप से प्रशिक्षण प्रदान करना।
कार्रवाईमानव संसाधन विकास महानिदेशालय :, बोर्ड, नासिन, ज़ोनल मुख्य आयुक्त।

क.4विभिन्न दावों जैसे चिकित्सा बिल ., वर्दी भत्ता, यात्रा भत्ता बिल, छुट्टी नकदीकरण आदि के दावों को जमा करने और उस पर अपेक्षित कार्रवाई करने का डिजिटाइज करना कार्यालय पैकेज में शामिल -यदि ऊपर प्रस्तावित ई) (न हो तो

वर्तमान स्थिति

अधिकारियों व स्टॉफ द्वारा सभी वित्तीय दावे जैसे चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिल, यात्रा भत्तात्ता बिलदैनिक भ/, वर्दी भत्ता बिल आदि कागजी रूप में प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इसी प्रकार, अर्जित छुट्टी सहित छुट्टी के आवेदन हार्ड कॉपी में प्रस्तुत किए जा रहे हैं। यह प्रक्रिया दावेदार के लिए कष्टकर होती है। प्राययह शिकायतें मिलती हैं कि जमा किया : है (और इसलिए उस पर कार्रवाई नहीं की जा सकी) या संलग्न दस्तावेज नहीं मिलने के कारण गया दावा खो गया आपत्ति/कमी रिपोर्ट की जाती है। हालांकि दावे के प्रस्तुतिकरण की तारीख और उनके निपटान की तारीख संबंधी आंकड़ों के रखरखाव के लिर रजिस्टर निर्धारित किया गया है, तब भी प्रायकायतें मिलती रहती हैं कि यह शि : बिलों पर प्रथम आवक प्रथम जावक तरीके से कार्रवाई नहीं की जाती है।-

इन कठिनाइयों को देखते हुए और स्टॉफ कल्याण के उपाय के रूप में यह नितांत आवश्यक है कि दावों के प्रस्तुतिकरण, उन पर कार्रवाई और उनके निपटारे के लिए डिजिटल प्रक्रिया अपनाई जाए। इससे प्रशासनिक प्रधान इनकी प्राप्ति और लंबिता की निगरानी आसानी से करने में सक्षम हो सकेंगे। इससे इस हद तक पारदर्शिता आएगी कि दावेदार अपने दावे की स्थिति किसी भी समय पर स्वयं देख सकता है।

यह समझा जाता है कि कार्य के इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के लिए पहले से तैयार सॉफ्टवेयर समाधान उपलब्ध हैं और निजी क्षेत्रों सहित सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में पहले से ही प्रयोग में लाए जा रहे हैं।

2020-योजना-की कार्य 21

(i) 30 सितंबर, 2020 तक सभी ज़ोन अधिकारियों और स्टॉफ के वित्तीय दावों के प्रस्तुतिकरण, उस पर कार्रवाई और उनके निपटारे के स्वचालन हेतु उपयुक्त सॉफ्टवेयर प्राप्त करना।

(ii)दिसंबर 1 , 2020 तक इस मॉड्यूक के प्रचालन को आरंभ करना

कार्रवाई कर्ताजोनल मुख्य आयुक्त :

क.6 सेवा मामलों पर मुकदमों के संबंध में मॉड्यूल

बोर्ड ने फा .सं.23011/11/2020एड-ी-II से जारी अपने दिनांक 28.04.के पत्र द्वारा महानिदेशक 2020 प्रणाली) से सीबीआईसी की वेबसाइट पर दिनांक 01).01.तक लंबित सेवा संबंधी अभी चल रहे मुकदमों को 2020 तरीके-नुरोध किया है। डेटा को अपलोड किए जाने के तौरलाने के लिए एक समर्पित मॉड्यूल विकसित करने का अ और इस मॉड्यूल के कार्यचलन आरंभ होने की तारीख दर्शाने का भी अनुरोध किया गया है। इसे तेजी से पूर्ण किए जाने की आवश्यकता है।

महानिदेशक, प्रणाली से यह सुनिश्चित किए जाने की अपेक्षा है कि मॉड्यूल दिनांक 31.08.तक कार्य करने 2020 लगे।

कार्रवाईकर्ताप्रधान मह :ानिदेशमहानिदेशक/, प्रणाली महानिदेशालय.

क.7 विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक ससमय आयोजित करना

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 08.05.के कार्यालय ज्ञापन में विभागीय पदोन्नति समिति की बैठके 2017 रने हेतु मॉडल कैलेंडर दिया गया है। इस कार्यालय ज्ञाआयोजित कपन के अनुसार किसी रिक्ति वर्ष कैलेंडर वर्ष) हेतु) पात्रता की निर्णायक तारीख अगले वर्ष की 1 जनवरी होगी और प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग द्वारा चयन पैनल की 31 दिसम्बर होगी। कार्मिक एवं प्रशिक्षण अनुमोदित चयन पैनल गठित करने के लिए अंतिम तारीख कैलेंडर वर्ष विभाग द्वारा जारी समयसीमा का सख्ती से पालन किए जाने की आवश्यकता है।